**ई-वे बिल पेनल्टी और छापा न डालने के एवज में मांगी थी मोटी घूस, लोकायुक्त ने दबोचा**

# बीस हजार की रिश्वत लेते जीएसटी निरीक्षक रंगे हाथों गिरफ्तार





**सतना।** मध्य प्रदेश में भ्रष्टाचार के विरुद्ध जारी कठोर कार्रवाई के बीच,लोकायुक्त रीवा संभाग की टीम ने सतना में केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग के एक निरीक्षक कुमार सौरभ को 20,000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख के निर्देश और उप पुलिस महानिरीक्षक मनोज सिंह के मार्गदर्शन में की गई।

### यह था पूरा मामला

शिकायतकर्ता वीरेंद्र कुमार शर्मा 33 वर्ष,निवासी राजेंद्र नगर ने 29 नवंबर को लोकायुक्त कार्यालय



रीवा में शिकायत दर्ज कराई थी। उनकी फर्म,श्री कैलाशराज ट्रैक्टर्स,के ई-वे बिल प्रकरण में पेनाल्टी न लगाने और विभाग द्वारा छापा न डालने के एवज में निरीक्षक कुमार सौरभ ने उनसे 60,000 की रिश्वत की मांग की थी। शिकायत के सत्यापन के दौरान आरोप सही पाया गया। इसके बाद,पुलिस अधीक्षक प्रवीण सिंह परिहार के निर्देशन में लोकायुक्त टीम ने 3 दिसंबर को जाल बिछाया।

### लोकायुक्त का सफल 'ट्रैप'

सिविल लाइन चौक स्थित केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर विभाग के कार्यालय में निरीक्षक कुमार सौरभ को शिकायतकर्ता से 20,000 की रिश्वत लेते हुए तत्काल प्रभाव से धर दबोचा गया। लोकायुक्त टीम की यह कार्रवाई इतनी सुनियोजित थी कि आरोपी निरीक्षक को संभलने का मौका तक नहीं मिला। गिरफ्तारी के बाद,लोकायुक्त टीम निरीक्षक को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए सर्किट हाउस ले गई। इस ट्रैप दल में निरीक्षक संदीप सिंह भदौरिया,उपेंद्र दुबे,श्रीमती आकांक्षा शुक्ला सहित प्रधान आरक्षक और आरक्षक शामिल थे। लोकायुक्त टीम ने आम जनता से अपील की है कि यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी रिश्वत की मांग करता है,तो वे तत्काल मोबाइल नंबर 9399307717 पर लोकायुक्त रीवा से संपर्क करें।

**खबर संक्षेप**

### समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा में कलेक्टर ने दिए निर्देश

**मैहर।** बुधवार को मैहर के कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड ने सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों सहित विभिन्न विभागीय कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर सुश्री संजना जैन और एसडीएम श्रीमती दिव्या पटेल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### कुख्यात अपराधी पटवारी चौधरी गिरफ्तार, भारी मात्रा में गांजा-हथियार बरामद



**मैहर।** रीवा आईजी गौरव राजपूत के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार 2.0 के तहत मैहर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। कोतवाली पुलिस ने चंडीगंज कटरा मोहल्ला निवासी कुख्यात अपराधी सुनील उर्फ पटवारी चौधरी के घर दबिश देकर उसे गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के घर से 3 किलो 906 ग्राम अवैध गांजा,2 लाख 3 हजार 710 नकद रुपए,32 बोर की देसी रिवॉल्वर और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। पुलिस ने बताया कि पटवारी चौधरी पर पहले से ही 28 से अधिक मामले दर्ज हैं। एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट के तहत नया मामला दर्ज किया गया है। आरोपी ने गांजा शिवम पयासी से सप्लाई किए जाने का खुलासा किया है,जिसके खिलाफ भी मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस पटवारी चौधरी को कोर्ट में पेश करेगी और जिलाबदर की कार्रवाई भी प्रस्तावित है।

### ओवरलोड ट्रकों ने मैहर की सड़कों को किया जर्जर



**मैहर।** क्षेत्र में ओवरलोड ट्रकों का कहर जारी है,जिससे बठिया-बरहिया-मैहर और भदनपुर-मैहर मार्ग सहित नेशनल व स्टेट हाईवे की सड़कें गड्ढों में तब्दील हो गई हैं। स्थानीय नागरिकों ने कलेक्टर और नगर पुलिस अधीक्षक को कई बार शिकायतें दीं,लेकिन कार्रवाई के नाम पर शून्य है। मैहर के नया जिला बनने के बावजूद,परिवहन विभाग की निष्क्रियता लोगों के बीच कड़ी आलोचना का विषय बनी हुई है। नागरिकों का आरोप है कि कुछ सरकारी कर्मचारी उद्योगों के बंगलों में आराम फरमा रहे हैं,जिससे कार्रवाई में सुस्ती आ रही है। ओवरलोड ट्रकों के कारण यात्रियों की जान जोखिम में है और हादसों का खतरा बढ़ गया है। जनता ने मैहर कलेक्टर से संबंधित विभाग को सख्त निर्देश देने और ट्रक मालिकों पर तुरंत कठोर कार्रवाई करने की मांग की है,ताकि सड़क व्यवस्था को बचाया जा सके।

## एकेएस की फैकल्टी श्रद्धा का अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में सम्मान, विवि का गौरव बढ़ा



**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय सतना की सहायक प्राध्यापक श्रद्धा पांडेय ने अपने शोध की उत्कृष्ट प्रस्तुति से विशेष पहचान बनाई। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रबंधन अध्ययन संकाय में आचरण अध्ययन केंद्र,अशोका विश्वविद्यालय के सहयोग से 28–29 नवम्बर 2025 को आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन "कार्यस्थल और समाज में मानव व्यवहार : सिद्धांत,व्यवहार और नीति के बीच सेतु बनाने का बहुविषयक दृष्टिकोण" में उनके शोध कार्य की उच्च स्तरीय सराहना करते हुए उन्हें मान्यता-पत्र प्रदान किया गया। श्रद्धा पांडेय ने अपने शोध-पत्र भारतीय ज्ञान प्रणाली में व्यवहारगत खाका के रूप में वास्तुकलाः प्राचीन भारतीय निर्माण परंपराएँ किस प्रकार मानव आचरण को प्रभावित करती हैं और आज के सतत व्यवहार को दिशा प्रदान कर सकती हैं" विषय पर आधारित शोध प्रस्तुत किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारतीय वास्तु परंपराएँ केवल प्राचीन संस्कृति का हिस्सा भर नहीं हैं, बल्कि मानव व्यवहार को वैज्ञानिक रूप से प्रभावित करने वाली स्थायी अवधारणाएँ भी हैं। उनके विश्लेषण और तर्कपूर्ण प्रस्तुति की विशेषज्ञों ने विशेष सराहना की। दो दिवसीय इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में देश-विदेश से आए आमंत्रित शोधकर्ताओं ने समाज,मानव व्यवहार और वास्तुकला से जुड़े विविध विषयों पर अपने शोध निष्कर्ष साझा किए,जिससे कार्यक्रम एक गंभीर बौद्धिक विमर्श का केंद्र बन गया। श्रद्धा की इस उपलब्धि पर सिविल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.प्रलव श्रीवास्तव, विश्वविद्यालय की अंतरराष्ट्रीय पहचान को और सशक्त बनाने वाली उपलब्धि बताया।

### भू-माफिया पर जबरन कब्जा और जातिगत उत्पीड़न का आरोप



**सतना।** चित्रकूट क्षेत्र के नयागांव निवासी नत्थू ने हरिजन थाना प्रभारी को एक शिकायत पत्र दिया है,जिसमें उन्होंने बद्रीप्रपन्नाचार्य आचार्य आश्रम,नयागांव के बद्रीप्रपन्नाचार्य के विरुद्ध जबरन भूमि पर कब्जा करने और जातिगत उत्पीड़न की कानूनी कार्रवाई की माँग की है।आवेदक नत्थू का आरोप है कि उन्हें शासन द्वारा आवंटित की गई आराजी क्रमांक 901/1 रकवा 14 विश्वा (20.23 हे.) पर अनावेदक गलत ढंग से राजस्व अधिकारियों को प्रलोभित कर कब्जा करने की धमकी दे रहा है। शिकायत में यह भी बताया गया है कि अनावेदक,कथित तौर पर डिप्टी सी.एम.राजेंद्र शुक्ला के संरक्षण का हवाला देते हुए,गरीबों की जमीन पर ताकत के बल पर बाउंड्री बनाने और जेसीबी मशीन से खुदाई कर तार की बाड़ लगाने का काम शुरू कर चुका है। नत्थू चमार ने अनावेदक पर पूरे परिवार को जातिगत रूप से अपमानित करने का गंभीर आरोप भी लगाया है। उनका कहना है कि बार-बार शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही है और उन्हें अप्रिय घटना की आशंका है। आवेदक ने अनावेदक के खिलाफ तुरंत कानूनी कार्रवाई करने और उनकी जमीन पर किसी भी तरह का हस्तक्षेप रोकने की गुहार लगाई है।

### कड़ाके की ठंड से राहतः मैहर नगर पालिका की पहल, प्रमुख स्थलों पर अलाव की व्यवस्था



**मैहर।** नगर पालिका ने कड़ाके की ठंड से लोगों को राहत दिलाने के लिए सराहनीय कदम उठाया है। सीएमओ सुषमा मिश्रा और बीजेपी नगर अध्यक्ष श्रीमती गीता संतोष सोनी के निर्देश पर शहर के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। रेलवे स्टेशन,बस स्टैंड,अस्पताल परिसर, घंटाघर चौक,मां शारदा देवी जी मंदिर क्षेत्र,स्टेट बैंक चौराहा और रैन बसेरा सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर अलाव जलवाए गए हैं। इस व्यवस्था से बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों और राहगीरों को बड़ी राहत मिल रही है। नगरवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए नगर पालिका प्रशासन और अध्यक्ष को धन्यवाद दिया है। ठंड के मौसम में यह सुविधा जनता के लिए बेहद उपयोगी साबित होगी।

**नाम सुधार सूचना**

मै मो. शुऐब उम्र 31 वर्ष, पिता श्री इनायत उल्ला निवासी- कामता टोला मदीना मस्जिद के पास सतना, तहसील रघुराजनगर, जिला सतना म.प्र. का होकर शपथ पूर्वक कथन करता हू कि मेरे नाम पर पासपोर्ट नं. M5840675 जारी है, जिसमें मेरा नाम Mohammad Shuheb Mother name Salma Begum दर्ज है। मेरे हाई स्कूल अंकसूची व अन्य रिकार्ड में मेरा नाम MOHD SHUHEB Mother Name SALMA BEGAM दर्ज है, जो कि सही व सत्य है। MOHD SHUHEB व Mohammad Shuheb दोनो ही नाम मेरे है एवं SALMA BEGAM व Salma Begum दोनो नाम मेरी माता के है । मेरे पासपोर्ट व अन्य रिकार्डो में मेरा नाम MOHD SHUHEB Mother Name SALMA BEGAM ही लिखा व पढ़ा जाये, जिस बावत शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ।

शपथकर्ता

35AA-121825

### कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्र और निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण



**सतना।** कलेक्टर सतना डॉ.सतीश कुमार एस ने बुधवार को अधिकारियों के साथ सतना जिले के रामपुर बघेलान क्षेत्र का भ्रमण कर विकास एवं निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एमएसएमई के अधीन औद्योगिक क्षेत्र मटेहना के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग के मरम्मत और निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान रामपुर बघेलान के कोनिया में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत हितग्राही दिनकर कुशवाहा द्वारा बनाये गये बायो ब्लाक टैंक के निर्माण का निरीक्षण कर हितग्राही से होने वाले लाभ की जानकारी ली। कलेक्टर ने इस दौरान धान उपार्जन केन्द्रों का भी निरीक्षण कर उपार्जन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सेवा समिति किशनगढ के उपार्जन केन्द्र और समीप की पाठशाला में जाकर अध्ययन-अध्यापन का निरीक्षण किया।कलेक्टर ने रामपुर बघेलान से खारी तपा पहुंच मार्ग और बगहाई रेलवे स्टेशन का निर्माण कार्य और रीवा-सतना रेल्वे लाइन के दोहरीकरण में आ रही स्थानीय समस्याओं का मौके पर निरीक्षण कर एसडीएम सहित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।इस अवसर पर एस डी एम रामपुर बघेलान बीके मिश्रा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मौलाना महमूद अरशद मदनी के खिलाफ सतना में शिकायत दर्ज, देशद्रोही और विभाजनकारी भाषण का आरोप

**सतना।** भोपाल में 29 नवंबर,को दिए गए एक कथित रूप से अत्यधिक भड़काऊ,देशद्रोही और विभाजनकारी भाषण के लिए मौलाना महमूद अरशद मदनी के खिलाफ सिविल लाइन पुलिस स्टेशन, सतना में शिकायत दर्ज की गई है। शिकायतकर्ता,सचिन शुक्ला ने,मदनी पर भारतीय न्याय संहिता (भा.न्या.सं.), 2023 की धारा 152 (सशस्त्र विद्रोह को उकसाना), 196 (द्वेष को बढ़ावा देना), और 353 (लोक अपहानि) के तहत तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। शिकायत के अनुसार,मदनी ने बयान दिया कि भारत में मुसलमानों को दबाया जा रहा है और बहुसंख्यक हिंदू उत्पीड़न कर रहे हैं,जो धार्मिक समूहों के बीच घृणा और दुश्मनी को बढ़ावा देता है। इसके अतिरिक्त, उन पर राष्ट्रीय गीत,वंदे मातरम,को अपमानजनक बताने का आरोप है। सबसे गंभीर आरोप यह है कि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के फैसलों पर सवाल उठाते हुए उसे मुस्लिम समुदाय के प्रति पक्षपाती बताया, और कथित तौर पर उत्पीड़न के आधार पर जिहाद का खुला आह्वान किया। शिकायतकर्ता ने मामले में गहन जांच और आरोपी पर मुकदमा चलाने की मांग की है।

## उमरिहा एथेनॉल प्लांटः 'ग्रीन बेल्ट' गायब, पर्यावरण सुरक्षा पर बड़ा प्रश्नचिन्ह!






**सतना।** मझगवां के देवलहा स्थित उमरिहा एथेनॉल एनर्जी प्लांट गंभीर पर्यावरणीय संकट और नियामक उल्लंघन के केंद्र में आ गया है। स्थानीय निवासियों और पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने परियोजना स्थल के आस-पास अनिवार्य 'ग्रीन बेल्ट' (हरित पट्टी) के पूरी तरह से गायब होने पर तीखा विरोध दर्ज कराया है,जिसने प्लांट के पर्यावरणीय प्रभावों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। केंद्रीय पर्यावरण ,वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सख्त दिशानिर्देशों के तहत, औद्योगिक परियोजनाओं के लिए कुल क्षेत्रफल के एक तिहाई (33 फीसदी) से अधिक हिस्से पर सघन वनीकरण और एक निश्चित चौड़ाई की सुरक्षात्मक हरित पट्टी विकसित करना अनिवार्य है। ये शर्तें प्लांट के संचालन से होने वाले ध्वनि प्रदूषण,धूल कणों,और विशेष रूप से अपशिष्ट जल/ प्रदूषित हवा के उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए जीवन-रेखा का काम करती हैं। दुर्भाग्य से,उमरिहा हार में स्थित यह एथेनॉल प्लांट इन अनिवार्य शर्तों का सरेआम उल्लंघन करता दिख रहा है। प्लांट की परिधि के चारों ओर का क्षेत्र वीरान और हरियाली विहीन है,जो कागजों पर किए गए पर्यावरणीय दावों को पूरी तरह से ध्वस्त करता है। यह स्थिति न केवल पर्यावरणीय मंजूरी की शर्तों का सीधा उल्लंघन है,बल्कि यह प्लांट के ऑपरेशन के दौरान प्रदूषण नियंत्रण मानकों को बनाए रखने में भी बड़ी बाधा उत्पन्न कर सकती है। स्थानीय निवासियों का स्पष्ट आरोप है कि परियोजना प्रबंधन ने पर्यावरण की घोर अनदेखी की है और केवल कागजी कार्रवाई पूरी करने पर ध्यान दिया। हरित पट्टी की अनुपस्थिति इस बात का पुख्ता प्रमाण है कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे को जानबूझकर नजरअंदाज किया गया है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और औद्योगिक निगम लिमिटेड के संबंधित अधिकारियों की ओर से इस गंभीर पर्यावरणीय कमी को दूर करने के लिए कोई ठोस और त्वरित कदम दिखाई नहीं दे रहा है,जो उनकी जवाबदेही पर भी सवाल उठाता है। यह स्थिति क्षेत्र के पर्यावरण और स्थानीय आबादी के स्वास्थ्य के लिए एक बड़ा खतरा है। अधिकारियों से तत्काल कार्रवाई की मांग है कि वे न केवल प्लांट प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें,बल्कि युद्ध स्तर पर अनिवार्य ग्रीन बेल्ट का विकास सुनिश्चित करें। पर्यावरणीय नियमों का यह खुला उल्लंघन न केवल कानूनी बल्कि नैतिक रूप से भी अस्वीकार्य है।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

**सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम**

**रायपुर संस्करण -** 371. मेश पटेल पिता\पति ईश्वर पटेल पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 372. हेमांगी शांडिल्य पिता\पति अमृत शांडिल्य पता– रायपुर, 373. हरिशंकर चंद्राकर पिता\पति स्व. फूलसिंह चंद्राकर पता- सुन्दर नगर रायपुर, 374. रूप राम साहू पिता\पति चैन सिंह साहू पता - बोरिया खुर्द रायपुर, 375. मिथलेश आडिल पिता\पति अजीत राम आडिल पता- राम नगर चंगोरा भाठा रायपुर, 376. रूपराम देवांगन पिता\पति घसिया राम देवांगन पता- मथपुरेना रायपुर, 377. सृष्टि चंद्राकर पिता\पति देवेन्द्र कुमार चंद्राकर पता- छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर, 378. जितेश कुमार देवांगन पिता\पति बलदेव देवांगन पता- शहीद भगत सिंह चौक टिकरापारा रायपुर, 379. एशिता सेन पिता\पति जितेन्द्र सेन पता- छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर, 380. त्रिशा सिन्हा पिता\पति पदमलोचन सिन्हा पता- मोहंदा तरपोंगी रायपुर, 381. अनन्या साहु पिता\पति रोशन लाल साहु पता- सरकडा पोस्ट पांडुका, 382. देवानंद साहू पिता\पति महेतरू राम साहू पता- दहदहा धमतरी, 383. लता बाई साहू पिता\पति सनत राम साहू पता- बकली कुरूद धमतरी, 384. सैय्यद मख्मूद अली पिता\पति सैय्यद महमूद अली पता- सिहावा चौक धमतरी, 385. थानेखर सिन्हा पिता\पति राम कुमार सिन्हा पता- भोथिपार खुर्द नयापारा राजनादगांव, 386. पशुपति नाथ ताम्रकार पिता\पति स्व. शंकर लाल ताम्रकार पता- गैंदाटोला राजनादगांव, 387. सुनीता सोनी पिता\पति राकेश कुमार सोनी पता- सोनार पारा राजनादगांव, 388. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता- बेमेतरा, 389. झामिन देवांगन पिता\पति हरीश कुमार देवांगन पता- सरगपाल कांकेर, 390. ईश्वर चंद खिस्ती पिता\पति स्व. सूर्यकान्त खिस्ती पता- चितौद पुरुर धमतरी, 391. सरिता राव पिता\पति M.G. राव पता- नयापारा जगदलपुर, 392. राजेंद्र सिदार पिता\पति बासुदेव सिदार पता- अयोध्या नगर महासमुंद, 393. बेला शर्मा पिता\पति विजय कुमार शर्मा पता- AH\34 कलेक्टर कॉलोनी कवर्धा, 394. कुंदन वर्मा पिता\पति भेलेंद्र कुमार वर्मा पता- अर्जुनी, 395.मिथलेश ठाकुर पिता\पति लक्ष्मा ठाकुर पता- डी.एन. के. कोंडागांव, 396. हर्षित टंडन पिता\पति द्वारिका प्रसाद पता- क्वा.2/C 15 जोन- 1 खुर्सीपार, 397. निर्मल सिंह पिता\पति स्व.तेजा सिंह पता- Q.N.-90/Jकैंप -01 भिलाई, 398. केशव दास साहू पिता\पति दानी राम साहू पता-वार्ड न.-27 सुभाष नगर खुर्सीपार भिलाई, 399. खिलेश देवांगन पिता\पति चैत लाल देवांगन पता- क्वा. न. 5\H जोन-01 खुर्सीपार भिलाई, 400. अन्नपूर्णा साहू पिता\पति तुला राम साहू पता-रामनगर भिलाई, 401. चैतन्य साहू पिता\पति तेजप्रकाश साहू पता-अंजोरा दुर्ग, 402. रेखचंद ठाकुर पिता\पति रोमन ठाकुर पता- गनियारी दुर्ग, 403. सतीश देवांगन पिता\पति स्व.जीवन लाल देवांगन पता- कोष्टा पारा देवांगन, 404. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता- पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 405. समय लाल साहू पिता\पति नजऊ राम साहू पता-पुरनी बस्ती पोटियाकला दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण-** 406. नारायण कुमार सोनी पिता/पति -महेंद्र कुमार सोनी पता– बड़ौदा, 407. दिनेश देवांगन पिता/पति लखन लाल देवांगन पता- मेन रोड गांधी चौक सिवनी चांपा, 408. अननिया शराफ़ पिता/पति यशवंत शराफ़ पता– बलौदा, 409. महेंद्र कुमार सोनी पिता/पति शिव कुमार सोनी पता- बलौदा सोनरपारा, 410. अखिलेश्वर प्रसाद पिता/पति स्व. रेशम लाल पता- पौना जांजगीर, 411. अरुण कुमार यादव पिता/पति प्रकाश चंद यादव पता- खोखासा वार्ड- 4 जांजगीर, 412. रामेश्वर कुमार सूर्यवंशी पिता/पति पीसोद जांजगीर, 413. विकेश यादव पिता/पति रघुलाल यादव पता- पुरानी बस्ती नैला वार्ड-4, 414. पीयूस यादव पिता/पति तिवारी पारा खरौद नगर जांजगीर रायगढ़ जिला 415. रूप दर्शन पिता/पति अजय कुमार दर्शन पता- केलो विहार कालोनी, 416. ललित गुप्ता पिता/पति श्याम चंद्र गुप्ता पता- कंसबेल 417. लालिमा चौहान पिता/पति जीवरधन चौहान पता- बेलाडुल खररघाट, 418. जीवर्धन प्रसाद चौहान पिता/पति स्व. सुकमुना चौहान पता- बेलाडुल रायगढ़ 419. श्याम सिंह ठाकुर पिता/पति स्व. अमरनाथ सिंह ठाकुर पता- दारोगपारा रायगढ़ मुंगेली जिला, 420. प्रिया तंबोली पिता/पति मनीष तंबोली पता- शिक्षक नगर आंबेडकर वार्ड मुंगेली 421. शृंखला शर्मा पिता/पति चंद्रशेखर शर्मा पता- मुंगेली, 422. डॉली श्रीवास पिता/पति कमलेश श्रीवास पता- अग्रसेन वार्ड, 423. संतोष कुमार पाठक पिता/पति स्व. सलिक राम पाठक पता- मुंगेली, 424. अक्षय कुमार देवांगन पिता/पति राजेश देवांगन पता- पड़ाव पारा मुंगेली, 425. रितिका देवांगन पिता/पति बसंत देवांगन पता- आंबेड़कर वार्ड मुंगेली, 426. धीरज बांध पिता/पति संदीप बांध पता- मिशन कम्पाउन्ड मुंगेली, 427. दिवांश पटेल पिता /पति वार्ड-1 सूरदा देवरी, 428. आंचल पटेल पिता/पति वार्ड-1 सड़क पारा सूरदा देवरी मुंगेली, **भोपाल संस्करण -** 429. अंशुल सेन पिता\पति विनोद सेन पता- ई-6 जनता कॉलोनी अरेरा कॉलोनी, 430. पूजा सेन पिता\पति विनोद सेनशाहपुरा, 431. रोशन रैकवार पिता\पति विमल रैकवार पता- 21 श्याम नगरभोपाल, 432 .दिनेश कुमार पटेल पिता\पति रामसलोने पता-पटेलशॉप 18 मेट्रो वॉक विटटन मार्केट, 433. रवि कुमार पाण्डेय पिता\पति किशन पाण्डेय पता-विश्वकर्मा नगर, 434. नीरज चौबे पता- विदिशा पेढ़ी स्कूल के पास, 435. रानी कुशवाह पिता\पति सुनील कुशवाह पता- विदिशा, 436. आदित्य सक्सेना पिता\पति मनोज सक्सेना पता- मकान नं.115 फेस-3 अरिहंत विहार विदिशा, **जबलपुर संस्करण** 437. नरेंद्र कुमार जैन पिता\पति स्वर्गी कोमल चंद्र जैन गोल बाजार जबलपुर, 438. प्रेमा नारायण पिता\पति बसु देव संजय गांधी नगर कटंगा जबलपुर, 439. अंश सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- 970 मंजू पर्थ दीक्षित पूरा उपरैनगंज डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद वार्ड जबलपुर, 440. प्रिथम नायक पिता\पति प्रदीप नायक पता- नेहरू वार्ड क्रमांक 8 पाटन, 441. सुजीत कुमार द्विवेदी पिता\पति श्री रमेश प्रसाद द्विवेदी वार्ड नंबर 1 अनूपपुर, 442. जितेंद्र गौतम पिता\पति स्वर्गीय बाला प्रसाद गौतम अनूपपुर कोतमा, 443. आरती गुप्ता पिता\पति अभिनेश गुप्ता वार्ड नंबर 6 पुरानी बस्ती कोतमा, 444. अर्चित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे कोतमा।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

# संकट मोचन हनुमान मंदिर के पास शराब दुकान विरोध के बाद भी हो रही संचालित

## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने 10 दिन पूर्व कलेक्टर के नाम दिया था ज्ञापन नहीं हुई सुनाई

भाजपा सरकार में एक तरफ कानून बना कर मन्दिरों के पास से शराब दुकानों को हटाने की बात मंचों से की जाती है परन्तु गुनौर विधानसभा मुख्यालय में इसके विपरीत कार्य चल रहा है जहां संकट मोचन हनुमान मंदिर के पास संचालित शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल गुनौर के कार्यकर्ता दस दिन पूर्व संगठित होकर तहसील कार्यालय पहुंचे।





गुनौर।

यहां उन्होंने कलेक्टर पन्ना के नाम संबोधित एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि मंदिर परिसर के बिल्कुल समीप शराब दुकान संचालित होने से धार्मिक वातावरण प्रभावित हो रहा है। प्रतिदिन आने वाले भक्तों, महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों द्वारा भी कई बार आपत्ति दर्ज कराई गई, बावजूद इसके शराब दुकान का स्थान परिवर्तन नहीं किया गया। गुनौर में अवैध तरीके से शराब का व्यापार खुलेआम किया जा रहा है स्थानीय स्तर पर बार-बार शिकायत के बावजूद भी संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को दिनांक 6 फरवरी 2018, 20 फरवरी 2024, 3 मार्च 2024 एवं 27 जून 2024 को आवेदन दिए गए जिस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है जिस करण आसामाजिक गतिविधियां बढ़ती जा रही हैं। विहिप एवं बजरंग दल पदाधिकारियों ने मांग की थी कि जल्द से जल्द उक्त दुकान को मंदिर क्षेत्र से हटाकर अन्यत्र शिफ्ट किया जाए, ताकि धार्मिक स्थल की गरिमा बनी रहे और श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। संगठन ने चेतावनी दी थी कि यदि प्रशासन शीघ्र कार्रवाई नहीं करता है तो आंदोलनात्मक कदम उठाए जाएंगे परन्तु आज दिनांक तक प्रशासन ने कोई कार्यवाही नहीं की है जिससे नगर के लोगों में असंतोष व आक्रोश व्याप्त है लोगों का कहना है कि प्रशासन जिस प्रकार से शराब ठेकेदारो पर मेहरबान है तो न्याय की उम्मीद किस पर करें अगर प्रशासन शराब दुकान अभी भी नहीं हटवाती तो मजबूरन महिलाएं बच्चे युवा एक साथ सड़कों पर उतर कर उग्र आंदोलन करेगा जिसमें सारी जवाबदारी प्रशासन की होगी।

### इनका कहना है -

शराब दुकान हटवाने के सम्बन्ध में जो आवेदन प्राप्त हुआ था संबंधित विभाग को भेज दिया गया था इसमें आबकारी एक्ट के तहत जो भी आदेश होगा कार्यवाही की जाएगी हमारे अधिकार क्षेत्र में नहीं आता।

**अनिल कुमार तलैया (अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुनौर)**

दस दिन पूर्व शराब दुकान जो मंदिर के पास संचालित हो रही है हटवाने के लिए दिए गए ज्ञापन में प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई जिसके विरोध में जल्द विश्व हिंदू परिषद बजरंग के नेतृत्व में उग्र आंदोलन होगा जिसकी सारी जवाबदारी प्रशासन की होगी।

**रविकांत द्विवेदी (प्रखण्ड अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद बजरंग गुनौर)**

शराब दुकान मन्दिर के पास संचालित हो रही है जो सही नहीं है इसको नगर के बाहर होना चाहिए जिस पर लोगों को भी आपत्ति है इस सम्बन्ध में अधिकारियों से बात की है जल्द हटाने की कार्यवाही का आश्वासन मिला है।

**प्रीति पटेल (पार्षद एवं मण्डल अध्यक्ष भाजपा गुनौर)**

मेरे द्वारा जिला अध्यक्ष जी की उपस्थिति में तहसीलदार व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गुनौर को मौके पर बुला कर ज्ञापन दिया गया था कुछ समय पूर्व जिला अध्यक्ष जी द्वारा एसपी महोदय पन्ना को भी लिखित ज्ञापन सौंपा गया था और स्थानीय स्तर पर भी सामाजिक संगठनों व आम नागरिकों द्वारा कई बार ज्ञापन दिया गया है परन्तु प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है मन्दिर के पास से शराब दुकान हटनी चाहिए नहीं तो कांग्रेस सड़कों पर आ कर आंदोलन करेगी जो जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

**अरुण कुमार गौतम (अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुनौर)**

मोहल्ले से सभी लोग महिलाओं के साथ पूर्व में कई बार शराब दुकान हटाने के लिए आवेदन दिया गया परन्तु कोई सुनाई नहीं हुई जिस कारण अब मन्दिर में महिलाओं बेटियों का आना बहुत कम हो गया है जो हिन्दू धार्मिक आस्था पर ठेस है। शराब दुकान हटनी चाहिए।

**परसोत्तम लखेरा (मां सप्तदेवी धाम माता पतरिया पंडा जी)**

---

## खबर संक्षेप

### शासकीय महाविद्यालय देवेन्द्रनगर में विश्व एड्स दिवस मनाया गया



**देवेन्द्रनगर।** शासकीय महाविद्यालय देवेन्द्रनगर, जिला पन्ना में महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में विश्व एड्स दिवस मनाया गया।जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य सीमा चौरसिया ने किया और एड्स से बचाव के बारे में बताया तथा बच्चों को जागरूक करने का प्रयास किया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ अरुण कुमार सिंह ने एड्स जैसी वैश्विक बीमारी के लिए जानकारी देते हुए बताया कि एड्स के बारे में जानकारी ही बचाव है। कार्यक्रम का संचालन डॉ अरुण कुमार सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर परएस. के. गौतम ,डॉ.अनिल श्रीवास्तव, डॉ. लक्ष्मीकांत तिवारी, डॉ. पवन कुमार तिवारी, डॉ रीना पाण्डेय, कार्यालयीन कर्मचारी श्री विकास आनंद दीक्षित, सुधीर सिंह, अवधेश बागरी ,इदरीश खान सहित बहुत संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### अमानगंज तहसील ने एसआईआर कार्य में हासिल किया जिले में दूसरा स्थान



**अमानगंज।** तहसील ने एसआईआर (ैप्त्) कार्य में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए पूरे जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार तहसील क्षेत्र में निर्धारित समस्त कार्यों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया गया, जिसके चलते अमानगंज ने 100ः उपलब्धि दर्ज की। तहसीलदार अमानगंज ममता मिश्रा सहित तहसील प्रशासन व संबंधित विभागीय टीम ने एसआईआर कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूरा करने के लिए लगातार निगरानी, समन्वय और फील्ड वेरिफिकेशन की प्रक्रिया को जबूती से लागू किया। इसी का परिणाम है कि अमानगंज ने जिले के अन्य क्षेत्रों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन दिखाते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। अमानगंज ममता मिश्रा ने इस उपलब्धि पर टीम को बधाई दी है और आगे भी इसी गति व गुणवत्ता के साथ कार्य करने का आह्वान किया है।

### एचडीएफसी बैंक देवेंद्रनगर ने फिर लगाया रक्तदान शिविर



**देवेंद्रनगर।** पपिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी एचडीएफसी बैंक देवेंद्रनगर शाखा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। पन्ना से स्वचालित मोबाइल ब्लड कलेक्शन वाहन पहुंचने से पूरा आयोजन सुचारु रूप से सम्पन्न हुआ। इस बार कुल 5 लोगों ने आगे बढ़कर रक्तदान किया। इनमें अंशुल जैन, शशांक, बिलथरिया, सत्याम शिवहरे, अनुज सिंह, आयुष मिश्रा और दिलीप सिसौदिया शामिल रहे। युवाओं ने समाज के प्रति सराहनीय जिम्मेदारी का संदेश दिया।एचडीएफसी बैंक देवेंद्रनगर शाखा के सभी कर्मचारियों ने शिविर के सफल संचालन में सक्रिय योगदान दिया, जिससे पिछले वर्ष शुरू हुई यह सकारात्मक परंपरा इस बार भी प्रभावी रूप से जारी रही।

### अशोक कुमार गुप्ता का निधन

**पन्ना।** पन्ना के प्रतिष्ठित निवासी और व्यापारी बंधुओं के बीच लोकप्रिय अशोक कुमार गुप्ता (उम्र 65 वर्ष) का बीते रविवार, दिनांक 1 दिसंबर को दुखद निधन हो गया।



वे स्वर्गीय श्री हीरालाल गुप्ता के सुपुत्र थे। उनके निधन की खबर से स्थानीय व्यापारिक समुदाय और आगरा मोहल्ला पन्ना में शोक की लहर छा गई है। श्री अशोक कुमार गुप्ता अपने मिलनसार स्वभाव और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए जाने जाते थे। उनकी अंतिम यात्रा में शहर के कई प्रमुख व्यापारी, राजनेता और गणमान्य नागरिक शामिल हुए और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। शोक संतप्त परिवार में उनके दो पुत्र, उपेंद्र गुप्ता और जिनेंद्र गुप्ता हैं, जो आर पी स्कूल के पास, मोहल्ला पन्ना, में निवास करते हैं।

**अस्थि विसर्जन-** पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि अस्थि विसर्जन के लिए दिनांक 4 दिसंबर को परिवार के सदस्य प्रयागराज के लिए रवाना होंगे। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति और परिवार को यह असीम दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

---

## शा.उच्चतर मा.वि. खोरा में जल-पौध संरक्षण संगोष्ठी, छात्र-छात्राओं ने दिए प्रेरक विचार





अजयगढ़।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खोरा, तहसील अजयगढ़, जिला पन्ना (म.प्र.) में जीवन सुधा फाउंडेशन के सौजन्य से जल संरक्षण एवं पौध संरक्षण विषय पर एक प्रेरणादायी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 11वीं व 12वीं के छात्रदृछात्राओं को मंच पर अपने विचार रखने का अवसर प्रदान किया गया, जिसे उपस्थित सभी अतिथियों एवं शिक्षकों ने सराहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों में आदरणीय बड़े भाई चंद्रशेखर सिंह लोधी, आदरणीय राज ललन सिंह (सेवानिवृत्त आर्मी, बांदा), जीवन सुधा फाउंडेशन के संस्थापक आदरणीय राम टी.टी. साहब, आदरणीय राधेश्याम सिंह (फौजी साहब), आदरणीय दादू राम आचार्य जी, तथा आदरणीय भूरा प्रसाद जी (शिक्षक) सहित विद्यालय का पूर्ण स्टाफ उपस्थित रहा। सभी अतिथियों ने पर्यावरण संरक्षण, जल-संकट की गंभीरता तथा बढ़ते प्रदूषण के प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को प्रकृति के प्रति संवेदनशील रहने का संदेश दिया। छात्र-छात्राओं ने जल बचाओ, पौधों का संरक्षण, वर्षाजल संचयन, प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों के जिम्मेदार उपयोग पर अपने विचार व्यक्त किए। उनके वक्तव्यों ने कार्यक्रम को सार्थक और प्रभावी बनाया। अतिथियों ने बच्चों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में पर्यावरणीय चेतना जागृत करने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय परिवार एवं जीवन सुधा फाउंडेशन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अंत में संस्था के प्रतिनिधियों ने सभी उपस्थित शिक्षकों, अतिथियों और छात्रों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनजागरूकता कार्यक्रम जारी रखने की बात कही।

---

## पॉलिटेक्निक कॉलेज पन्ना में रक्तदान शिविर आयोजित

# युवाओं ने बढ़-चढ़कर किया रक्तदान






पन्ना।

स्थानीय शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में आज, 3 दिसंबर को एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस पुनीत कार्य में कॉलेज के छात्रों और स्थानीय युवाओं ने अत्यधिक उत्साह दिखाया और जरूरतमंदों के लिए रक्तदान किया। शिविर में मुख्य रूप से रक्तदान करने वाले युवाओं में सर्वश्री शिवम चौबे, अंशुमन रेले, तन्मय रॉय और लवकुश शर्मा प्रमुख रहे, जिन्होंने मानवता की सेवा का परिचय देते हुए अपना योगदान दिया। इस आयोजन को सफल बनाने में एचडीएफसी बैंक (भ्क्थ्ब ठंदा) शाखा प्रबंधक अभय व्यास का विशेष सहयोग रहा, जिनकी पहल पर यह शिविर आयोजित किया गया था। बैंक द्वारा देशव्यापी श्परिवर्तनश (चंतपअंतजंद) पहल के तहत इस तरह के शिविर आयोजित किए जाते हैं। रक्तदान प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने में लैब टैक्नीशियन रामनाथ ओमरे और मस्तराम रजक का सराहनीय योगदान रहा। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रक्तदाताओं का मार्गदर्शन किया और सुनिश्चित किया कि पूरी प्रक्रिया सुरक्षित और व्यवस्थित हो। आयोजकों ने बताया कि रक्तदान महादान है और स्वस्थ व्यक्तियों को नियमित अंतराल पर रक्तदान करना चाहिए, क्योंकि यह कई लोगों का जीवन बचा सकता है। शिविर का मुख्य उद्देश्य जिले के ब्लड बैंक में रक्त की कमी को पूरा करना और युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना जागृत करना था।

---

## प्राचीन सिद्ध स्थल में हुआ उजाला, सोलर लाईट के प्रकाश से वहीं भगवान की असीम कृपा अब धर्मशाला निर्माण की ओर भी







पन्ना।

तत्कालीन मो0 गौरी ने जब सिद्ध स्थलों की मूर्तियां तोड़ी थी उस समय का प्राचीन सिद्ध स्थल सिद्धनाथ के नाम से जथा नाम तथा काम अपनी पहचान को लेकर आज भी बरियारपुर कैनाल के किनारे ग्राम फरस्वाहा में स्थित सिद्धनाथ प्राचीन मंदिर अपनी दास्तां को बयां कर रहा वहीं यह स्थल अपने वृक्षों से लेकर अपने वजूद को प्राचीन समय से इतिहास के रूप में साक्षी है जहां सोलर लाईट का प्रकाष गांव के युवाओं की सोच के साथ वहीं ग्रामीणों की श्रद्धा से जहां धर्मषाला निर्माण की ओर भी प्रगति पथ के आयाम शुरू समय के साथ बदलाव निष्चित ही अपने आयाम को लेकर जाना जाता है जहां प्राचीन तत्कालीन समय जब देष में मो0 गौरी जैसे अक्राता बादषाह ने यहां के प्राचीन सिद्ध स्थलों की मूर्तियां तोड़कर सोने चांदी के जेवरात लूटने का कार्य किया था उस समय का प्राचीन सिद्ध स्थल जिले के अजयगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम फरस्वाहा में बरियारपुर कैनाल के किनारे सिद्धनाथ के नाम से प्राचीन सिद्धस्थल जो अपने वजूद को आज भी बयां कर रहा है। जहां का प्राचीन मंदिर तो धस चुका वहीं दूसरा मंदिर जहां खण्डित मूर्तियां जो उस समय तोड़ी गई थी वह आज भी अपने हालात को साफ तौर पर दर्षाती है वहीं इस सिद्ध स्थल की पहचान अपनी सिद्धता को लेकर जैसा नाम वैसा काम तभी तो आज भी महिमा अपार बनी हुई है। इस प्रांगण में जितने भी वृक्ष है इनको कोई काट नहीं सकता कोई ले नहीं जा सकता जो भी यहां धार्मिक आयोजन किये जाते है उसमें जरूर उपयोग में लाया जा सकता है। इतना ही नहीं बड़ी से बड़ी समस्या के समाधान को लेकर यहां का विष्वास ही भगवान सिद्धनाथ की कृपा से आज भी जाना जाता है। इस प्राचीन सिद्ध स्थल का समय आज प्रकाष की ओर सोलर लाईट के उजाले से तय होने लगा ग्राम फरस्वाहा के युवाओं की सोच वहीं बुजुर्गों का आर्षीवाद व मार्गदर्षन सब समाहित होकर जहां इस स्थन के विकास को लेकर एक धर्मषाला निर्माण की आधारषिला भी तय हो चुकी। निष्चिततौर पर आस्था व विष्वास की महिमा इस स्थान को लेकर आस-पास के लगभग सभी गावों में प्रख्यात है साथ ही मंदिर के निर्माण को लेकर भी जहां वह दिन दूर नहीं होंगे जो प्राचीन समय में अपने अस्तित्व को लेकर समेटे हुये वहीं खण्डित मूर्तियां भी उस समय की दास्तां बयां कर रही है पर अपनी सिद्धता से सिद्धनाथ के स्थान की महिमा स्वमेव आज भी बयां हो रही है जहां जगमगाता हुआ सोलर लाईट के माध्यम से यह प्रकाष पुंज अब समूचे क्षेत्र के विकास को लेकर सोच जानी जा रही है धर्मषाला के निर्माण की आधारषिला के साथ-साथ आगे भी धार्मिक आयोजनों की दिषा हो रही तय।

---

## प्रतिष्ठित थापक परिवार के सदस्य विद्या देवी के घर पर चोरों ने तोड़े ताले

### किराएदार का मंगलसूत्र चोरी कर ले गये चोर



**पन्ना।** 30 नवंबर और 1 दिसंबर की दरम्यानी रात पन्ना शहर के बस स्टैंड के पास प्रतिष्ठित मुरारी लाल थापक जी के बड़े भाई की पत्नी, श्रीमती विद्या देवी थापक के सूने मकान में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर प्रवेश किया। चोरों ने मकान में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। हालांकि, श्रीमती विद्या देवी थापक के निजी कमरों में चोरों को कुछ खास नहीं मिला, लेकिन उन्हीं के मकान में रह रहे किराएदार का मंगलसूत्र चोरी करने में वे सफल हो गए। घटना की सूचना तत्काल थाना कोतवाली पन्ना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थाना कोतवाली प्रभारी रोहित मिश्रा अपनी पुलिस टीम के साथ सक्रिय हो गए और मौके पर पहुंचे। उनके साथ फिंगरप्रिंट टीम और डॉग स्क्वायड भी मौजूद था। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर पूरी घटना का बारीकी से निरीक्षण किया। जांच के दौरान, जहां-जहां चोरों के फिंगरप्रिंट मिले, उन्हें टीम ने अपने उपकरणों की सहायता से इकट्ठा किया। थाना कोतवाली पुलिस ने इस मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है और घटना से संबंधित आगे की जांच कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस चोरों को पकड़ने के लिए प्रयासरत है और जल्द ही मामले का खुलासा करने की उम्मीद है।

---

## दो दिवसीय सांसद खेल महोत्सव हुआ संपन्न कई प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

### फाइनल मुकाबले में खिलाड़ियों का रहा जोरदार प्रदर्शन ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी को मिलता है अच्छा मंच

**अमानगंज।** गत दो दिसंबर को अमानगंज नगर के राजा अमानसिंह स्टेडियम में दो दिवासिये सांसद खेल महोत्सव का आयोजन भारत माता सरस्वती माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद जी मुखर्जी की प्रतिमाओं पर पुष्प माल अर्पण करने के बाद आरंभ हुआ आज के आयोजन में नगर की कई स्कूल संस्थाओं के छात्र और छात्राओं ने बढ़कर भाग लिया जिसमें दौड़ रेस कबड्डी गोला फेंक शतरंज जैसे खेलों का आयोजन हुआ और कई छात्राओं द्वारा अच्छा आकर्षक खेल प्रदर्शन करके सभी का मनमोहा खेलों में जीते हुए खिलाड़ियों का फाइनल मे विजय होकर अब विधानसभा स्तर के लिए उनका चयन हो चुका है जो उन्हें एक बड़ा मंच अपना जौहर दिखाने के लिए मिलेगा जो इसमे अपना उत्तर प्रदर्शन करके जीतेगा वह पुरस्कार का हकदार होगा पुरस्कार पाएगा। इस आयोजन में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रतिनिधि जयप्रकाश चतुर्वेदी जी अमानगंज नगर निकाय अध्यक्ष श्रीमती सारिका शारदा खटीक ने सभी जीते हुए खिलाड़ियों को बधाई देते हुए पुरस्कार वितरित और आगे प्रतियोगिता में विजय होने की कार्यक्रम शुभकामनाएं भी दी। मंडल संगठन के अध्यक्ष डॉ प्रशांत चतुर्वेदी का कहना है कि यह आयोजन समूची लोकसभा क्षेत्र में आयोजित किया जा रहे हैं इसमें ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को ऊपर लाने के लिए सांसद बीडी शर्मा जी के द्वारा यह प्रयास किया गया है। इस आयोजन में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुंदेलखंड पब्लिक स्कूल सहित कई संस्थाओं के छात्र-छात्राओं ने अपना अपना जौहर दिखाया जिसमें मुख्य रूप से अनमोल वर्मा शिवाक सोनी 100 मीटर दौड़ में प्रथम द्वितीय , हरि ओम सेन, उमेश आदिवासी लखन सिंह, दीपक कुशवाहा 200 मी दौड़ मे प्रथम द्वितीय रहे गर्ल्स अंडर 15 00 मीटर रेस में रोहिणी यादव भक्ति त्रिपाठी अंडर-19 200 मीटर दौड़ में अरुण साहू अंकित दहायत, गुलाब पाक प्रतियोगिता में नागिन मिश्रा 24 फीट प्रभात पटेल 30 फिट ने जोरदार प्रदर्शन किया इनके अलावा अन्य विजय खिलाड़ी भी प्रतियोगिताओं में जीते हैं जो बजबी विधानसभा स्तर पर अपना जौहर पुनः दिखाएंगे जबकि खेल प्रतियोगिताओं के संचालन में शिक्षक शैलेंद्र तिवारी और मनी राजा की महत्वपूर्ण भूमिका रही भारतीय जनता पार्टी की ओर से कमलेश पांडे कमल जी भूपेंद्र सिंह प्रदीप अवस्थी दीपक यादव मस्तराम राजपूत आनंद सिंह राजपूत विजय सक्सेना, अरविंद दुबे रामू चौधरी, जाटव आदि सहयोगी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





## खबर संक्षेप



### परिवारिक विवाद में महिला से मारपीट, पुलिस में शिकायत

**महाराजपुर।** जमीन और बोर के विवाद को लेकर बुधवार दोपहर लगभग एक बजे इमरत पति जयहिंद पटैल के साथ उनके ही चाचा के लड़कों एवं बहुओं द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता इमरत ने थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। इमरत ने बताया कि मारपीट करने वालों में निधी, विधा, लाड़कुवर, जीतेंद्र और सुनील पटैल शामिल थे। घटना के समय उनका पति घर पर मौजूद नहीं था,वह छतरपुर खाद लेने गया हुआ था।इमरत के मुताबिक कुछ समय पहले उन्होंने अपने खेत पर एक बोर खुदवाया था,जिस पर घरवालों ने ताला डाल दिया था। मंगलवार को पुलिस की मौजूदगी में बोर का ताला खुलवाया गया था। इसी बात को लेकर बुधवार को आरोपियों ने उनसे मारपीट की। पीड़िता का कहना है कि घरवाले उनकी जमीन और बोर जबरन छीनना चाहते हैं,जिसके चलते उन्हें लगातार परेशान किया जा रहा है।पुलिस ने शिकायत प्राप्त कर पीड़िता की एमएलसी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र महाराजपुर में कराने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मध्य प्रदेश की पाँच प्राचीन शिल्प कलाओं को मिला जीआई टैग

**छतरपुर।** प्रदेश की सांस्कृतिक और पारंपरिक धरोहर को राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान मिली है। प्रदेश की पाँच विशिष्ट शिल्प कलाओं खजुराहो स्टोन क्राफ्ट, छतरपुर फर्नीचर, बैतूल भरेवा मेटल क्राफ्ट, ग्वालियर पत्थर शिल्प और ग्वालियर पेपर मैशे क्राफ्ट को भौगोलिक संकेतक जीआई टैग प्रदान किया गया है। इसके साथ ही ये कला रूप भारत के बौद्धिक संपदा अधिकार के दायरे में आधिकारिक रूप से दर्ज हो गए हैं। 'जीआई मैन ऑफ इंडिया के नाम से प्रसिद्ध पद्मश्री डॉ. रजनी कांत ने बताया कि मध्य प्रदेश, जिसे देश का दिल कहा जाता है, के लिए यह अत्यंत गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि राज्य की पाँच प्राचीन शिल्प कलाओं को जीआई टैग मिलना न सिर्फ शिल्पियों के सम्मान को बढ़ाता है। चेन्नई स्थित जीआई रजिस्ट्री की वेबसाइट पर इन उत्पादों के सामने 'रजिस्टर्ड का स्टेटस आते ही संबंधित शिल्पकारों और संस्थाओं में उत्साह की लहर दौड़ गई। साथ ही, मध्य प्रदेश के उद्योग और एमएसएमई विभागों में भी इस उपलब्धि को लेकर नई ऊर्जा का संचार हुआ है। लगभग एक वर्ष पूर्व इन सभी उत्पादों के लिए जीआई आवेदन दायर किए गए थे। नाबार्ड मध्य प्रदेश ने खजुराहो स्टोन क्राफ्ट, बैतूल भरेवा मेटल क्राफ्ट, ग्वालियर पत्थर शिल्प और ग्वालियर पेपर मैशे क्राफ्ट के लिए वित्तीय सहयोग दिया था, जबकि छतरपुर फर्नीचर के लिए सहयोग एसआईडीबीआई मध्य प्रदेश द्वारा किया गया। एमएसएमई विभाग के प्रयासों और स्थानीय शिल्प संस्थाओं के सहयोग से यह आवेदन डॉ. कांत के तकनीकी मार्गदर्शन में भेजे गए थे। ज्ञात हो कि नवम्बर माह में पन्ना डायमंड को भी जीआई टैग मिला है, और प्रदेश के लगभग 25 अन्य उत्पाद जीआई प्रक्रिया के अंतिम चरण में हैं। इस कार्य मे महाप्रबंधक राज शेखर पांडे लघु उद्योग, सचिव बृजेन्द्र गुप्ता,ग्रीस दुबे,लक्षण विश्वकर्मा के प्रयास रहे है।

### अंडर 18 टीम का चयन 4 दिसम्बर को

**छतरपुर।** जिला छतरपुर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अंडर-18 क्रिकेट टीम का चयन 4 दिसम्बर को दोपहर 1 बजे से साईं स्पोर्ट्स एकेडमी क्रिकेट ग्राउंड पर किया जाएगा। एसोसिएशन के सचिव राजीव बिल्थरे ने बताया कि जिन खिलाड़ियों का जन्म 1 सितंबर 2007 या उसके बाद हुआ है वे खिलाड़ी इस चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। इसके साथ ही सभी खिलाड़ी अपने साथ ओरिजिनल डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड समग्र आईडी, एवं पिछले लगातार तीन वर्षों की अंकसूची के ओरिजिनल प्रमाण पत्र एवं छाया प्रति अपने साथ लेकर उपस्थित होंगे।

# नायब तहसीलदार ने लाइन में लगी कॉलेज छात्रा को थप्पड़ जड़े, वीडियो वायरल, कलेक्टर ने जारी किया नोटिस

छतरपुर



शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सटई रोड स्थित गल्लामंडी में बुधवार को खाद वितरण के दौरान बड़ा हंगामा खड़ा हो गया। किसानों की लंबी लाइन के बीच टोकन वितरण कर रहीं नायब तहसीलदार ऋतु सिंघई पर किसानों से मारपीट, महिलाओं को थप्पड़ मारने का विडिओ वायरल हुआ है। एमए थर्ड सेमेस्टर की 5 दिसम्बर को परीक्षा, पर किसान की बेटी लगी खाद पाने की लाइन में थी। ग्राम परा की गुडिया पटेल को छतरपुर की नायब तहसीलदार ऋतु सिंघई ने थप्पड़ जड़ दिये।

हालांकि थप्पड़ कांड के बाद छतरपुर कलेक्टर पार्थ जैयसवाल ने महिला अधिकारी को नोटिस थमा आज ही जवाब माँगा है वरन एक पक्षीय कार्यवाही की चेतावनी दी है। अब देखना है कि छतरपुर कलेक्टर किसी राजनैतिक दवाब का शिकार तो नहीं हो जाते है? सूचना मिलते ही मौके पर किसान आक्रोशित हो गए और नायब तहसीलदार के विरुद्ध जमकर विरोध जताया। बढ़ते विवाद को देखते हुए प्रशासन में हड़कंप मच गया, जिसके बाद एसडीएम अखिल राठौर मौके पर पहुंचे। किसानों ने बताया कि वे कई घंटों से खाद के लिए कतार में खड़े थे। भीड़ बढने से अफरा-तफरी की स्थिति बनी, इसी दौरान नायब तहसीलदार ने महिलाओं और किसानों के साथ अभद्र व्यवहार किया। किसानों का आरोप है कि उन्होंने न केवल धक्कामुक्की की, बल्कि थप्पड़ मारे और महिला किसानों के बाल तक खींचे। एडीएम मिलिंद नागदेवे मण्डी पहुंचे और किसानों से बातचीत कर सभी को खाद दिलाने की बात कही।

जानकारी मिलने पर खाद वितरण में विवाद को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने शासकीय सेवा अनुरूप कर्तव्य निर्वहन आचरण में लापरवाही बरतने के संबंध में नायब तहसीलदार ऋतु सिंघई नायब तहसीलदार सौरा मंडल को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। गौरतलब है कि मण्डी परिसर में खाद वितरण के दौरान खाद लेने आई एक छात्रा को थप्पड़ मारने की खबर पर तत्काल संज्ञान लेते हुए कलेक्टर ने नोटिस जारी कर कहा है कि नायब तहसीलदार का कृत्य म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के विपरीत है। अतएव उक्त संबंध में आप अपना स्पष्टीकरण आज ही प्रस्तुत करें कि क्यों न उक्त लापरवाही के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए। जवाब समय सीमा में एवं संतोषप्रद नहीं पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

## जिला अस्पताल में जेबकतरा सक्रिय, मरीज की जेब से पर्स चोरी



**छतरपुर। जिला अस्पताल परिसर में बुधवार सुबह करीब 11 बजे एक मरीज की जेब काटकर पर्स चोरी करने का मामला सामने आया है। अस्पताल में इलाज कराने के लिए आने वाले बाहर-जिले के मरीजों को इन दिनों जेबकतरों का सामना करना पड़ रहा है। भीड़ का फायदा उठाकर ये बदमाश मरीजों की जेब से पर्स और अन्य सामान चोरी कर रहे हैं।**

जानकारी के अनुसार छतरपुर निवासी दिलीप मिश्रा सीने में दर्द की शिकायत लेकर जिला अस्पताल पहुंचे थे। जब वे डॉक्टर को दिखाने के लिए लाइन में खड़े थे, तभी किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनका पर्स जेब से निकाल लिया। बाद में जब वे दवा लेने मेडिकल की ओर गए, तब उन्हें पर्स गायब होने का पता चला। चोरी हुए पर्स में 1200 नकद, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे हुए थे। घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ित ने जिला अस्पताल चौकी में शिकायत दर्ज कराई है। अस्पताल परिसर में बढ़ रही चोरी की घटनाओं को लेकर मरीजों और परिजनों में रोष है। लोगों ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

**ओबीसी महासभा ने एसपी कार्यालय को सौंपा ज्ञापन**

## कुर्मी समाज पर की गई अभद्र टिप्पणी के खिलाफ की कड़ी कार्रवाई की मांग



**छतरपुर। बुधवार दोपहर करीब 3 बजे ओबीसी महासभा के प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर मुरारी पाण्डे द्वारा कुर्मी (पटेल) समाज के प्रति की गई कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में ज्ञापन सौंपा। संगठन ने आरोप लगाया कि सागर जिले के रहली निवासी मुरारी पांडे ने सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों में कुर्मी समाज के खिलाफ भद्दी-भद्दी गालियां दीं, जिससे समाज में आक्रोश व्याप्त है।**

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि मुरारी पांडे निवासी ग्राम मडिय़ा बुजुर्ग, थाना रहली, हाल निवास धर्मश्री कॉलोनी रहली द्वारा की गई अशोभनीय टिप्पणी से सामाजिक सौहार्द को ठेस पहुंची है। ओबीसी महासभा ने मांग की कि आरोपी पर तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए और राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति किसी समाज विशेष के विरुद्ध अपमानजनक भाषा का प्रयोग न कर सके। महासभा के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह मामला केवल एक समुदाय की भावनाओं का मुद्दा नहीं बल्कि सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे को बनाए रखने से जुड़ा है। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान समाज के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## छतरपुर की फेमस चाट दुकान में मिली गंदगी, ग्राहकों की सेहत से खिलवाड़

छतरपुर।

शहर की व्यस्त बस स्टैंड रोड पर स्थित जवाहर पेट्रोल पंप के सामने पप्पू चाट भंडार में मंगलवार को गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया।

चाट खाने पहुंचे ग्राहक अवधेश नायक और सपना राजे की प्लेट में क्रमशः मकड़ी और मक्खी मिलने से हड़कंप मच गया। ग्राहकों के विरोध के बावजूद दुकानदार ने जिम्मेदारी से बचते हुए कहा कि ऊपर से गिर गई होगी, दूसरी चाट बना देंगे। जबकि हकीकत यह थी कि गंदगी स्वयं मसाले में मौजूद थी, जिसे न तो बदला गया और न ही फेंका गया। वही मसाला अन्य ग्राहकों को परोसा जाता रहा।

फेमस दुकान के दावों के उलट दुकान की वास्तविक स्थिति बेहद खराब पाई गई। मसाला ढका नहीं था, सामग्री खुले में रखी थी और आसपास गंदगी तथा मच्छरों की भरमार थी। ऐसे हालातों ने दुकान की साफ-सफाई पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।इस मामले ने फूड विभाग की कार्यशैली पर भी गंभीर प्रश्नचिन्ह लगा दिए हैं। कई दुकानों की समय पर सैंपलिंग नहीं होती, न ही अचानक निरीक्षण किए जाते हैं। नियम तोडऩे पर चेतावनी और कार्रवाई लगभग नगण्य है। फूड सेफ्टी एक्ट के अनुसार खाद्य सामग्री ढककर रखना और कीटों से सुरक्षा अनिवार्य है, लेकिन शहर में इन नियमों का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है।

दो दिन पहले भी नौगांव रोड स्थित एक होटल में चिकन बिरयानी खाने के बाद भाजपा नेता की तबियत बिगडऩे का मामला सामने आया था। लगातार बढ़ रहे ऐसे मामलों से नागरिकों में चिंता बढ़ गई है। गंदे भोजन से फूड प्वाइजनिंग, डायरिया और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है।



## ससुराल पक्ष से प्रताड़ित महिला ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार, पति पर दूसरी शादी का आरोप

**छतरपुर। बुधवार दोपहर करीब 2:30 बजे जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक 21 वर्षीय महिला शुभि मिश्रा ने ससुराल पक्ष पर गंभीर प्रताडऩा के आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत दर्ज कराई। आवेदिका ने बताया कि उसका विवाह 31 जनवरी 2024 को बमीठा के नगरिया पैलेस में रामनरेश अवस्थी से हुआ था, जो डायल-100 में चालक है और पथरगुवां का निवासी है**

महिला का आरोप है कि विवाह के बाद पति के गुडिया शुक्ला नामक महिला से अवैध संबंध उजागर होने पर विवाद शुरू हुआ, जिसके बाद ससुराल पक्ष द्वारा उसके साथ मारपीट, मानसिक और शारीरिक प्रताडऩा की गई। आरोप है कि ननंद संगीता नायक और जेठ दीपू अवस्थी ने प्रताडऩा में प्रमुख भूमिका निभाई और उसे घर छोडऩे के लिए मजबूर किया।

शुभि मिश्रा का कहना है कि ससुराल छोडऩे के बाद भी उत्पीडऩ जारी रहा और पति ने बिना तलाक अपनी प्रेमिका के साथ अवैध तरीके से शादी करने का 'ढोंग रचा। महिला ने आरोप लगाया कि उस पर 20 हजार रुपये का लालच देकर जबरन तलाक लेने का दबाव बनाया जा रहा है। विरोध करने पर ननंद ने उसे जान से मारने की धमकी दी तथा अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए उसकी निजी तस्वीरें वायरल करने की बात कही। आवेदिका ने बताया कि उसके पास धमकियों की ऑडियो रिकॉर्डिंग भी मौजूद है। महिला ने पुलिस अधीक्षक से पति, ननंद और जेठ के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।



## थाना नौगांव पुलिस द्वारा नियम विरुद्ध, दुर्घटना प्रभावी 3 वाहन जप्त कर की गई कार्यवाही

**छतरपुर।** शांति, सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए छतरपुर पुलिस द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। ध्वनि प्रदूषण यंत्र इस्तेमाल कर अन्य चालकों का ध्यान भंग कर दुर्घटना प्रभावी ऐसे वाहन एवं पहचान छुपाने के उद्देश्य से बिना नंबर प्लेट एवं ब्लैक फिल्म वाले, नियम वाहनों को रोककर संबंधित जानकारी एकत्र कर विधिवत कार्यवाही की जा रही है।

थाना नौगांव पुलिस द्वारा नगर में रोड पेट्रोलिंग एवं वाहन चेकिंग के दौरान नौगांव नगर अंतर्गत ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाली दो रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल एवं एक एक्सयूवी चार पहिया वाहन को रोककर चेक किया गया। दो पहिया वाहन में अनाधिकृत परिवर्तन एवं अत्यधिक शोर उत्पन्न करने वाले साइलेंसर के उपयोग एवं चार पहिया वाहन नियम विरुद्ध पाया गया, पुलिस टीम द्वारा ध्वनि प्रदूषक, दुर्घटना प्रभावी एवं नियम विरुद्ध तीनों वाहनों को जप्त किया गया।

आवश्यक कार्यवाही हेतु मोटर व्हीकल अधिनियम के तहत कार्यवाही कर प्रतिवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी नौगांव निरीक्षक बाल्मीक चौबे एवं पुलिस टीम की भूमिका रही। मुख्यालय एवं जिले के सभी थाना स्तर पर ऐसे वाहनों के विरुद्ध निरंतर चेकिंग एवं सख्त कार्रवाई की जा रही है।



**नशा मुक्ति भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता**

## रैली एवं संगोष्ठी का किया गया आयोजन



**छतरपुर। श्री कृष्णा विश्वविद्यालय में आयुष विभाग की तरफ से चलाए जा रहे नशा मुक्ति भारत अभियान के अंतर्गत डिपार्मेंट आफ आयुर्वेद की तरफ से शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दढारी छतरपुर मध्य प्रदेश में नशा मुक्ति भारत अभियान के तहत एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया ।**

जिसमें प्राचार्य डॉ. अवनेश श्रृंगी ने अपने संबोधन में बताया कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जो सपना है भारत को विश्व गुरु बनाने का है। उसके लिए अति आवश्यक है कि भारत का युवा सशक्त, ऊर्जावान, सकारात्मक कार्यों को करने वाला और समर्थवान होगा तब हम सशक्त युवा और समर्थ भारत की कल्पना को साकार कर सकते हैं। इसके लिए देश के युवाओं को व्यसनों से दूर रहना चाहिए। नशे से दूर रहने का संकल्प और नशे से होने वाली शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और पारिवारिक समस्याओं से अवगत कराया। डॉ. अभिषेक ने अपना विचार व्यक्त करते हुए बताया कि अपने आसपास के समाज में कोई भी व्यक्ति यदि नशे की लत से परेशान है तो आयुर्वेद के माध्यम से वह उससे निजात पा सकता है। संगोष्ठी के उपरांत एक नशा मुक्ति जागरूकता रैली दढारी गांव में निकाली गई। रैली को विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ.दिगंत द्विवेदी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋषभ गुप्ता ने किया एवं आभार डॉ. शुभम राय ने व्यक्त किया।

## विश्व दिव्यांगता दिवस पर सीआरसी छतरपुर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन

**छतरपुर। विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर समेकित क्षेत्रीय कौशल विकास, पुनर्वास एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण केंद्र (सीआरसी) छतरपुर द्वारा पुरानी तहसील महल गेट स्थित सीआरसी कार्यालय में एक दिवसीय विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संजय शर्मा तथा विशिष्ट अतिथिगण पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, ज्योति सुरेंद्र चौरसिया, शंकर लाल सोनी, संदीप गुप्ता, कुलदीप, रामसेवक पटेल, संजय सिंह एवं प्रभुदत्त नायक द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।**

दिव्यांगजनों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से व्हीलचेयर रेस, 50 मीटर दौड़ (जूनियर/सीनियर), अभिभावक दौड़ सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिन्हें अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ किया। खेल प्रतियोगिताओं के साथ-साथ रंगोली, नाटक, डांस, फैशन शो, गायन एवं वादन जैसी सांस्कृतिक प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गईं। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान किए गए, साथ ही सभी दिव्यांगजन प्रतिभागियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा राष्ट्रीय वयोश्री योजना एवं एडीप योजना के अंतर्गत 50 हितग्राहियों को सहायक उपकरणों का वितरण भी किया गया। सीआरसी छतरपुर के निदेशक राजमणि पाल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए केंद्र द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों की जानकारी दी। अतिथियों ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा की सराहना की तथा उन्हें आगे बढने के लिए निरंतर सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के अंत में मोहम्मद बिलाल शाह, प्रशासनिक अधिकारी, सीआरसी छतरपुर ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं उपस्थितजन का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सीआरसी छतरपुर से मुकेश कुमार पटेल, प्रीति यादव, आकांक्षा पटेल, आकाश साहू, अभिषेक नायक, राज बहादुर पटेल, एवं सी आर सी व विनीत कुमार पीएमडीके छतरपुर के समस्त स्टाफ ने सहयोग प्रदान किया।



## एनटीपीसी विन्ध्याचल में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर प्रेरणा और समावेशन का संदेश

**सिंगरौली।** एनटीपीसी विन्ध्याचल में 3 दिसम्बर 2025 को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस प्रेरणादायक और भावनात्मक माहौल में मनाया गया। प्रशासनिक भवन सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख(विन्ध्याचल) उपस्थित रहे। साथ ही श्री ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण), श्री एस.के. सिन्हा, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं एफएम), डॉ. बी.के. भराली, महाप्रबंधक(चिकित्सा) एवं श्री देबब्रत त्रिपाठी, महाप्रबंधक(तकनीकी सेवाएँ) भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं एनटीपीसी गीत के साथ हुआ। इसके उपरांत एक हृदयस्पर्शी वीडियो प्रदर्शित किया गया, जिसमें विशेष रूप से सक्षम कर्मचारियों ने एनटीपीसी के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। स्वागत संबोधन में सुश्री मृणालिनी, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने कहा कि व्यक्ति की प्रगति का निर्धारण उसकी मेहनत और दृष्टिकोण करते हैं और प्रत्येक व्यक्ति में अपार एवं समान क्षमता निहित है।



ब्रह्माकुमारी संस्था की सुश्री अपर्णा सिंह एवं उनकी टीम द्वारा आयोजन में मेडिटेशन, इंटरैक्टिव वीडियो, डांस मूवमेंट तथा विशेष रूप से तैयार साँप-सीढ़ी खेल जैसी सहभागिता बढ़ाने वाली गतिविधियाँ आयोजित की गईं। अपने संबोधन में श्री ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) ने मानव संसाधन विभाग एवं ब्रह्माकुमारी टीम के प्रयासों की सराहना की और कहा कि मानव क्षमता को पहचानना एवं दूसरों के जीवन में सकारात्मक योगदान देना वास्तविक संतुष्टि देता है। मुख्य संबोधन में श्री संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख(विन्ध्याचल) ने इस वर्ष की वैश्विक थीम — "सामाजिक प्रगति को बढ़ावा देने के लिए दिव्यांगता-समावेशी समाज का निर्माण" पर विचार व्यक्त करते हुए एनटीपीसी की समावेशी, न्यायसंगत एवं संवेदनशील कार्यसंस्कृति की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने हेलेन केलर और सुधा चंद्रन जैसी प्रेरणादायक हस्तियों का उदाहरण देते हुए कर्मचारियों को हमेशा नई ऊँचाइयों की ओर बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का समापन विशेष रूप से सक्षम कर्मचारियों के सम्मान के साथ हुआ, जिसमें उनके साहस, जज़्बे और विन्ध्याचल में दिए गए उल्लेखनीय योगदान का उत्सव मनाया गया।

## धान खरीदी केन्द्र पर धान के अवैध बिक्री को रोकने प्रतिबंध के आदेश जारी

**सिंगरौली।** कलेक्टर गौरव बैनल के द्वारा धान खरीदी केन्द्रो पर धान के अवैध बिक्री को रोकने हेतु प्रतिबंध उपार्जन अवधि 20 जनवरी 2026 तक प्रभावी रहने से संबंधित आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के तहत उप सचिव मध्य प्रदेश शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं संरक्षण विभाग भोपाल के पत्र क्रमांक एफसीएस 43/4/0003/2025 30 अक्टूबर 2025 को जारी उपार्जन नीति अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन हेतु जारी नीति के क्रियान्वन हेतु एसओपी जारी की गई है। जिसकी कण्डिका 19.5 में खरीदी केन्द्रो पर उपज की अवैध बिक्री रोकने के निर्देश दिए गए है। जिले के व्यापारियों द्वारा क्रय कर भण्डारित की गई धान की निकासी पर प्रतिबंध लगाया गया है। तथा सचिव कृषि उपज मण्डी को गोदाम बंद किए जाने के निर्देश दिए गए है। साथ ही प्रतिबंध उपार्जन अवधि 20 जनवरी 2026 तक प्रभावी रहेगा। उक्त अवधि में धान निकासी की अनुमति संबंधित अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के द्वारा लिखित में दी जायेगी। अधिकृत व्यक्ति के उपस्थिति में निकासी की जायेंगी साथ ही अनुमति के पूर्व यह सुनिश्चित किया जायेगा की किसी भी स्थिति में उक्त धान उपार्जन केन्द्र में बिक्री हेतु नही लाई जायेंगी। एवं जीन्स की गुणवत्ता को याथास्थिति बनाये रखने हेतु कीटोपचार की कार्यवाही की अनुमति संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की अनुमति से की जा सकेगी। गोदाम वेयर हाउस में भण्डारित जीन्स के सुरंक्षा जबावदारी गोदाम वेयर हाउस मालिक की होगी। वही इनके संचालको को आदेशित किया गया है कि भण्डारित अधिसूचित कृषि उपज की जानकारी तत्काल अपने क्षेत्र के संबंधित कृषि उपज मण्डी समिति में सलग्न निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करेगे। उक्त आदेश के उल्लघन पर नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी ।



**खबर संक्षेप**

## नवविवाहिता ने लगाई फांसी

**रीवा।** शहर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनौरा में अज्ञात कारणों से एक नवविवाहिता ने फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। 28 वर्षीय मृतका ने यह आत्मघाती कदम किन कारणों से उठाया इसका पता पुलिस लगा रही है। विश्वविद्यालय पुलिस को घटना की सूचना ससुराल पक्ष के लोगों ने सुबह दी जिसके बाद मृतका के शव को संजय गांधी अस्पताल की मर्चुरी में भिजवाया है। बताया गया कि मृतका के मायके पक्ष के लोग मंगलवार को नहीं पहुंच सके जिससे उसका पोस्टमार्टम नहीं हो सका। बुधवार को मायके पक्ष के लोगों के आने के बाद पीएम कार्रवाई की जाएगी। मृतका ने यह आत्मघाती कदम किन कारणों से उठाया अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है, पुलिस मर्ग कायम कर पूरे मामले की विवेचना में लगी हुई है।


## जमीनी विवाद में दो पक्षों में मारपीट, एक का हाथ फैक्चर


### बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के चौरा गांव की घटना

**रीवा।** जमीनी विवाद के चलते एक ही परिवार के दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई है। घटना बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के चौरा गांव में सामने आई है। एक पक्ष से घायल युवक ने भाई और भतीजो पर लाठी डंडों से मारपीट करने का आरोप लगाया और मामले की शिकायत बैकुं ठपुर थाना में दर्ज करवाई। मारपीट में पीड़ित के सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई है, साथ ही उसका एक हाथ भी फैक्चर हो गया है। पुलिस ने मामले में तीन लोगों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्रवाई शुरू कर दी है। घायल लक्ष्मीकांत द्विवेदी के मुताबिक वह खेत में बुवाई का काम कर रहा था तभी उसके बड़े पिता के पुत्र सहित अन्य लोगों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। घायल ने घटना की शिकायत बैकुंठपुर पुलिस को की,जिसके बाद उसे उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल लाया गया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### बारातघरों में सड़कों के भरोसे पार्किंग, ट्रैफिक जाम से राहगीर परेशान

# वैवाहिक कार्यक्रमों के चलते शहर की सड़कों पर शाम होते ही लग जाता है जाम





**रीवा।** शहर में सड़कों के किनारे संचालित बारातघर इन दिनों ट्रैफिक जाम का प्रमुख कारण बने हुए हैं। इन स्थानों पर वैवाहिक कार्यक्रमों की वजह से बड़ी संख्या में वाहन आ रहे हैं और वाहनों की पर्याप्त पार्किंग नहीं होने की वजह से सड़कों को ही वाहन पार्किंग बनाया जा रहा है। इस वजह से ट्रैफिक जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। बता दें कि शहर में चोरहटा से लेकर रतहरा के बीच सड़क किनारे करीब 30 से अधिक विवाह घर हैं, जिसकी वजह से मुख्य सड़क वाहनों के अधिक खड़े होने के कारण लोगों को आवाजाही में परेशानी होती है। शहर में मैरिज हाल संचालित किए जाने के निर्धारित नियमों की खुले तौर पर अनदेखी की जा रही है, जिसकी वजह से लगातार नए प्रतिष्ठान भी खुल रहे हैं और उनमें वाहन पार्किंग की सुविधा नहीं होती। इसकी शिकायतें भी लगातार लोगों की ओर से की जा रही हैं। लेकिन नगर निगम प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। बारातघरों के लिए पहली अनिवार्यता चार हजार वर्गमीटर स्थान की है। शहर में कुछ चिन्हित बारातघर ही इस मानक को पूरा कर रहे हैं। कम क्षेत्रफल वाले स्थानों वैवाहिक कार्यक्रम की अनुमति नहीं दी जा सकती। इसके साथ ही क्षमता के अनुरूप वाहन पार्किंग, फायर फाइटिंग सिस्टम सहित अन्य कई महत्वपूर्ण शर्तों का पालन नहीं हो रहा है फिर भी बारातघर संचालित हो रहे हैं। बता दें कुछ समय पहले ही शासन ने नियम बनाया है कि हर बारातघर को निर्धारित शर्तों का पालन करने के बाद लाइसेंस जारी किया जाएगा और जो बिना लाइसेंस के संचालित होंगे उन्हें सीज किया जाएगा। पूर्व के वर्षों में इसको लेकर प्रक्रिया भी शुरू की गई थी और कुछ अवैधानिक बारातघरों को बंद भी किया गया था लेकिन राजनीतिक पहुंच के प्रभाव की वजह से इन्हें फिर से खोल दिया गया है। इन दिनों वैवाहिक सीजन चल रहा है। इस कारण हर बारातघर में बड़ी संख्या में वाहनों से लोग पहुंचते हैं। इनके खड़े होने के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं होने के कारण सड़क पर ही खड़े किए जाते हैं। शाम के समय ट्रेनों का समय भी होता है, इस कारण रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाले वाहनों की संख्या भी बढ़ती है।उज्जैन की तर्ज पर जारी करना है लाइसेंसरीवा नगर निगम में बारातघरों के संचालन में मनमानी की वजह से हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। जहां से कोर्ट ने उज्जैन की तर्ज पर रीवा सहित पूरे प्रदेश में बारातघरों को लाइसेंस जारी करने के निर्देश दिए थे। लाइसेंस जारी करने से पहले शर्तों का परीक्षण कराने के लिए भी कहा गया था। उस समय कोर्ट में जवाब देना था जिसकी वजह से कुछ स्थानों पर लाइसेंस देने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। रीवा शहर में करीब दर्जनभर संख्या में बारातघरों को उसी समय लाइसेंस जारी हुआ था और नियमों का पालन नहीं करने वालों को बंद करने का नोटिस जारी किया गया था। इसके बाद से प्रक्रिया अधर में अटकी हुई है।इन मानकों का नहीं किया रहा पालनसड़क की चौड़ाई न्यूनतम 40 फीट अनिवार्य है। वाहन पार्किंग व्यवस्था कुल क्षेत्रफल के कम से कम 30 प्रतिशत हिस्से में अनिवार्य। विवाह स्थल पर यातायात को बाधित होने से रोकने के लिए निर्धारित संख्या में सुरक्षा गार्ड। भवन क्षमता के अनुसार अग्निशमन यंत्रों की व्यवस्था।महिला-पुरुषों के लिए पर्याप्त शौचालय की व्यवस्था। परिसर में आने और जाने के दो रास्ते अनिवार्य। कचरा संधारण एवं गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था। बिजली, पानी तथा इमरजेंसी लाइट की पर्याप्त व्यवस्था। वाटर हार्वेस्टिंग की पर्याप्त व्यवस्था। भोजन बनाने वाले जगह की पर्याप्त व्यवस्था, पार्क, विद्युत कनेक्शन, जनरेटर, आतिशबाजी के स्थान का इंतजाम होना जरूरी।

## रीवा संभाग ई आफिस में प्रदेश में प्रथम स्थान पर




**रीवा ।** प्रशासनिक नवाचार के तहत ई आफिस व्यवस्था लागू की गई है। अब कार्यालयों के अंदर तथा अन्य कार्यालयों में फाइलों का संचालन ऑनलाइन माध्यम से हो रहा है। ई आफिस व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू करके रीवा संभाग में संभागीय रैंकिंग में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने बताया कि रीवा संभाग में कुल 8780 फाइलें ई आफिस में क्रिएट की गईं तथा 37159 फाइलों का मूवमेंट हुआ। प्रदेश में दूसरे स्थान पर नर्मदापुरम संभाग है, जिसमें 4431 फाइलों का क्रिएशन तथा 31621 फाइलों का मूवमेंट हुआ है। तीसरे स्थान पर ग्वालियर संभाग है। इसमें 1922 फाइलों का क्रिएशन तथा 18322 फाइलों का मूवमेंट हुआ है। कमिश्नर ने बताया कि प्रदेश स्तर में संभाग और जिलों की सामूहिक रैंकिंग में सभी जिले और संभाग शामिल किए गए हैं। इनकी कुल संख्या 65 है। सामूहिक रैंकिंग में रीवा संभाग को 11वां स्थान मिला है। इस रैंकिंग में रीवा जिला 25वें स्थान पर है। रीवा जिले में 4111 फाइलें क्रिएट हुई हैं तथा 22361 फाइलों का मूवमेंट हुआ है। रैंकिंग में सिंगरौली जिला 37वें, मऊगंज जिला 44वें, सतना जिला 45वें, सीधी जिला 55वें तथा मैहर जिला 59वें स्थान पर है। कमिश्नर ने सभी कलेक्टर्स को ई आफिस प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने तथा सभी जिला कार्यालयों में इसे दृढ़ता से लागू कराने के निर्देश दिए हैं। ई आफिस के माध्यम से कम श्रम और कम समय में फाइलों का मूवमेंट और निराकरण हो रहा है। यह सुशासन को मजबूत करने के लिए सराहनीय पहल है।

## कलेक्टर स्वरोजगार प्रकरणों की 5 को करेंगी समीक्षा

**रीवा ।** कलेक्टर प्रतिभा पाल शासन की विभिन्न योजनाओं से स्वीकृत और वितरित स्वरोजगार प्रकरणों की 5 दिसम्बर को समीक्षा करेंगी। समीक्षा बैठक सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जा रही है। इस संबंध में महाप्रबंधक उद्योग जेपी तिवारी ने बताया कि बैठक में उद्योग, अन्त्यावसायी सहकारी समिति, अनुसूचित जाति तथा जनजाति विभाग, पशुपालन विभाग, उद्यानिकी विभाग, शहरी विकास अभिकरण, पिछड़ावर्ग कल्याण विभाग, ग्रामोद्योग विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन तथा मछलीपालन विभाग के बैंकों में दर्ज प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी। संबंधित विभाग के अधिकारियों, अग्रणी बैंक प्रबंधक तथा बैंक शाखा प्रबंधकों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

## नईबस्ती खैरी में 5 दिसम्बर को लगेगा निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर

**रीवा ।** नगर निगम रीवा में प्रमुख अस्पतालों के साथ-साथ तीन शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा 10 संजीवनी क्लीनिक रोगियों को उपचार सहायता दे रहे हैं। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में 5 दिसम्बर से 18 दिसम्बर तक निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाए जा रहे हैं। इनमें चिकित्सकों के दल तथा तकनीशियन तैनात रहेंगे। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नईबस्ती खैरी में 5 दिसम्बर को निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा नोडल अधिकारी शहरी क्षेत्र इन शिविरों में उपचार की समुचित व्यवस्था करें। स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान के लिए आमजनता इन शिविरों का लाभ उठाए।

# दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजना से 170 विद्यार्थियों को मिले लैपटाप

### प्रोत्साहन योजना के तहत 170 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को निःशुल्क लैपटाप




**रीवा ।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर मानस भवन में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय विभाग ने मुख्यमंत्री दिव्यांग विद्यार्थी शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत 170 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को निःशुल्क लैपटाप वितरित किए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव तथा उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल की मंशा के अनुसार दिव्यांगों को पूरी सहायता दी जा रही है। दिव्यांग विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। आज मिले लैपटाप दिव्यांग विद्यार्थियों का कॅरियर बनाने में उपयोगी होंगे। सरकार की ओर से दिव्यांगों के कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों से उनके जीवन को नई दिशा मिलेगी। समारोह में कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद ने कहा कि यहाँ बैठे दिव्यांग विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा का भरपूर प्रदर्शन किया है। आप सबमें ईश्वर ने कुछ विशेष गुण दिए हैं। अपनी प्रतिभा और मेहनत से कल आप सबमें से ही कोई प्रशासनिक अधिकारी, नामचीन गायक और सफल खिलाड़ी बनेगा। दिव्यांग विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने का पूरा अवसर दिया जाएगा। लैपटाप आपकी पढ़ाई और कॅरियर बनाने में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। यह आपके जीवन को उज्ज्वल और सफल बनाने में सहयोगी बनेगा। समारोह में पूर्व महापौर तथा जिला अध्यक्ष भाजपा वीरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने दिव्यांगों के कल्याण के लिए अनेक प्रयास किए हैं। आज 170 विद्यार्थियों को निःशुल्क लैपटाप मिल रहा है। हमारे दिव्यांग भाई किसी भी मामले में कम नहीं हैं।समारोह में शासकीय नेत्रहीन विद्यालय, आईटीआई, मूकबधिर विद्यालय के प्रतिभाशाली बच्चों को निःशुल्क लैपटाप का वितरण किया गया। समारोह में दिव्यांग विद्यार्थियों ने मनोहारी नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समारोह में संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे ने कार्यक्रम के उद्देश्यों और दिव्यांगों के कल्याण की जानकारी दी। समारोह में विभिन्न दिव्यांग स्कूलों के विद्यार्थी और शिक्षक उपस्थित रहे।

## मुस्कान अभियान के तहत 6 नाबालिग लड़कियाँ हुईं दस्तयाब




**मऊगंज:** मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित मुस्कान अभियान के तहत मऊगंज थाना पुलिस ने महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। अभियान के दौरान थाना मऊगंज पुलिस टीम ने कुल 6 नाबालिग लड़कियों को सुरक्षित दस्तयाब किया है। यह सफलता जिले में चल रहे अभियान को नई गति प्रदान करती है।पुलिस अधीक्षक मऊगंज दिलीप सोनी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह तथा एसडीओपी श्रीमती सचि पाठक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मऊगंज संदीप भारती एवं उनकी टीम लगातार गुमशुदा बच्चों को तलाश करने में जुटी हुई थी। अथक प्रयास और मजबूत पुलिसिंग के चलते टीम को यह बड़ी उपलब्धि मिली है।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मुस्कान अभियान का मुख्य उद्देश्य गुमशुदा बच्चों को तलाश कर उन्हें सुरक्षित रूप से उनके परिवारों तक पहुँचाना है। इसी दिशा में मऊगंज पुलिस लगातार सक्रिय है। जिले में अब तक कुल 19 नाबालिक लड़कियाँ एवं 3 नाबालिग बालकों सहित 22 बच्चों को सुरक्षित दस्तयाब किया जा चुका है।दस्तयाब किए गए सभी बच्चों को आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया के बाद परिजनों के सुपुर्द किया जा रहा है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी गुमशुदा बच्चे की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।मऊगंज पुलिस की इस सराहनीय कार्रवाई की स्थानीय स्तर पर व्यापक प्रशंसा की जा रही है।

## मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने किया धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण



**रीवा।** रीवा जिले में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में एक दिसम्बर से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन शुरू हो गया है। राजस्व अधिकारियों द्वारा खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण करके उपार्जन की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने मनिकवार सेवा सहकारी समिति द्वारा संचालित खरीदी केन्द्र लढ़ वेयरहाउस का निरीक्षण किया। गुर्जर ने मौके पर उपस्थित कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को खरीदी केन्द्र में उचित सुविधाएं दें। छाया, पानी के साथ-साथ अलाव की भी व्यवस्था करें। इस समय शाम में भी तापमान कम हो जाता है। किसानों से दिन समाप्त होने तक धान उपार्जन का प्रयास करें। किसानों से प्रत्येक बोरे में निर्धारित मात्रा में ही धान लें। प्रत्येक बोरे में नीले रंग का एक्सटेंसिल लगाकर उसमें खरीदी केन्द्र का विवरण तथा किसान का पंजीयन क्रमांक अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। स्लाट बुक करने वाले किसानों को खरीदी केन्द्र में पहुंचने के क्रम से धान की खरीद करें। खरीदते समय धान की गुणवत्ता का ध्यान रखें। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने खरीदी केन्द्र में तौल कांटे तथा हम्माल की व्यवस्था, उपार्जित धान के सुरक्षित भण्डारण तथा परिवहन के संबंध में समिति प्रबंधक तथा खरीदी केन्द्र प्रभारी को निर्देश दिए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने खरीदी केन्द्र में आए किसानों से खरीदी केन्द्र की व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

## सियार के हमले से घायल वृद्ध महिला की मौत, एक माह पहले हुई थी घटना



**रीवा।** सियार के हमले से घायल वृद्ध महिला की मौत हो गई। घटना गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के डिहिया गांव की बताई गई है। जानकारी दी गई कि लंबे समय से गांव में उक्त सियार का आतंक है, पूर्व में भी वह कई लोगों पर हमला कर चुका है। मासूम बच्चे और मवेशी पर भी सियार हमला किया था। बताया गया कि करीब एक माह पूर्व वृद्ध महिला के ऊपर सियार ने घर के बाहर बैठी महिला पर अचानक से हमला कर दिया था। जिसके बाद परिजनों ने अस्पताल में उसका उपचार करवाया, एंटी रेबीज के इंजेक्शन भी लगवाए लेकिन बुजुर्ग महिला की हालत धीरे धीरे बिगड़ती गई और आखिर कार उसकी कल रात मौत हो गई। ग्रामीणों की माने तो सियार ने गांव में कई बार लोगों पर हमला किया है, जिसमें एक बच्चा और गाय के बछड़े भी उसका शिकार बन चुके है। इलाके में लगातार सियार के मूवमेंट से अब लोग दहशतज़दा भी है और इसकी सूचना वन विभाग को भी दी है। बुजुर्ग महिला की मौत के बाद अस्पताल चौकी पुलिस ने पंचनामा पीएम कार्रवाई के बाद शव का पीएम करवाया जिसके बाद उसे परिजनों को सौप दिया गया है। पुलिस अब मर्ग कायम कर मामले की विवेचना कर रही है।

## बदमाशों ने हाइवे में बाइक सवार और ट्रक चालक से की लूट

### नईगढ़ी थाना क्षेत्र के अलग-अलग हुई वारदात से फैली सनसनी



**रीवा।** बदमाश बेखौफ होकर वारदात को अंजाम देते हुए पुलिस को चैलेंज कर रहे है। हाइवे में एक बार फिर बदमाशों ने बीती रात दो लूट की घटनाओं को अंजाम देते हुए सनसनी फैलाई। मारपीट कर बदमाश पैसा ओर ट्रक में लोड सामग्री लूट ले गए। बताया गया कि लूट लूट की दो घटनाओं में बदमाशों ने करीब 32 हजार की सामग्री सहित नकदी लूट की वारदात को अंजाम दिया है। पीड़ितों ने घटना की शिकायत गढ़ थाना पुलिस से की, जिसके बाद पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार की रात पहली घटना गढ़ थाना क्षेत्र के गढ़-नईगढ़ी ओवर ब्रिज के पास हुई। बाइक से आनंद प्रताप साकेत पिता राजकुमार साकेत निवासी हर्दिहा थाना लौर नईगढ़ी थाना क्षेत्र के कुसहा रिश्तेदारी में जा रहे थे तभी रात करीब 10.30 बजे जैसे ही वो ओवर ब्रिज के पास पहुंचे इसी दौरान पांच की संख्या में रहे अज्ञात बदमाश उनकी बाइक के सामने आ गए और उन्हें रोक लिया। पीड़ित के अनुसार इस दौरान बदमाशों ने मारपीट करते हुए दो हजार रुपए लूट लिए और बाइक से मौके से फरार हो गए। इसके साथ ही दूसरी घटना ट्रक चालक के साथ रात करीब 12 बजे के आसपास सामने आई। चालक से मारपीट कर बदमाश 10 बोरी बेसन लूट ले गए। बदमाशों ने दूसरी घटना गढ़-धाराबीघा ब्रिज के पास की। पीड़ित ट्रक चालक मनोज विश्वकर्मा ने बताया कि वह ट्रक क्रमांक यूपी 70 जीटी 6799 में नागपुर से बेसन लोडकर गोरखपुर (उ.प्र.) जा रहा था। अचानक ट्रक की बाड़ी से रस्सी टूट गई जिससे 16 बोरी बेसन सड़क पर गिर गया। इस दौरान वह ट्रक खड़ा कर बोरियों को समेटने लगा तभी बदमाशों की गैंग मौके पर पहुंची और मारपीट करते हुए 10 बोरी बेसन उठा ले गए। जिसके बाद पीड़ित चालक ने गढ़ थाने में घटना की सूचना दी है।रात में सक्रिय हुआ बदमाशों का गैंगबताया जा रहा है कि बदमाशों ने ट्रक चालक से करीब 30 हजार रुपए कीमत का बेसन लूट लिया जबकि बाइक सवार से दो हजार रुपए नकद मारपीट कर लूटते हुए फरार हो गए। एक ही रात में 32,000 की लूट की घटना से ग्रामीण दहशत में है। ग्रामीणों का कहना है कि रात में बदमाशों का गैंग वारदात को अंजाम दे रहा है, पूर्व में हाइवे में खड़े ट्रकों के डीजल ट्रैंक से डीजल चोरी की घटनाएं भी सामने आई थी। हाइवे में चल रहा बदमाशों का गैंग पुलिस के लिए चैलेंज बना हुआ है, वहीं अब तक आरोपी पुलिस पकड़ में नहीं आ सके है।

## डिजिटाइजेशन 4 विधानसभा क्षेत्रों में शत-प्रतिशत रीवा और मनगवां पूरा होने के करीब

**रीवा ।** रीवा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य लगभग पूरा हो रहा है। अब केवल अनमैप्ड मतदाता तथा छूटे हुए मतदाताओं का सत्यापन शेष है। निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण में गणना पत्रक डिजिटाइजेशन की समय सीमा 11 दिसम्बर तक बढ़ा दी गई है। जिले में 3 दिसम्बर को शाम 4 बजे तक 1385979 मतदाताओं के गणना पत्रक डिजिटाइज्ड किए जा चुके हैं। जिले में मतदाताओं की कुल संख्या 1390667 है। सिरमौर, सेमरिया, त्योंथर और गुढ़ विधानसभा क्षेत्रों में सौ प्रतिशत गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन कर लिया गया है। रीवा और मनगवां विधानसभा क्षेत्रों में भी डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा होने के करीब है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा पाल ने बताया कि अब तक जिले में कुल 99.66 प्रतिशत डिजिटाइजेशन किया जा चुका है। चार विधानसभा क्षेत्रों में शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन हो गया है। विधानसभा क्षेत्र रीवा और मनगवां भी पूरा होने के करीब हैं। विधानसभा क्षेत्र मनगवां में 99.63 प्रतिशत तथा विधानसभा क्षेत्र रीवा में 98.33 प्रतिशत डिजिटाइजेशन हो गया है। कलेक्टर ने सभी एआरओ को निर्देश देते हुए कहा है कि जिन मतदान केन्द्रों में सौ प्रतिशत डिजिटाइजेशन हो गया है उनके बीएलओ को बुलाकर अनमैप मतदाताओं का सत्यापन कराएं। अनमैप्ड, शिफ्टेड मतदाताओं पर ध्यान केन्द्रित करें।

### जिले में 22500 किसानों ने धान उपार्जन के लिए पंजीयन कराया है

# कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने किया खरीदी केन्द्रों तथा उप जेल का निरीक्षण

**मऊगंज**

जिले में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में एक दिसम्बर से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन शुरू हो गया है। कलेक्टर संजय कुमार जैन तथा पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी ने धान खरीदी केन्द्र बहुती, पहाड़ी एवं हनुमना का निरीक्षण किया। इन अधिकारियों ने दूरस्थ अंचल में स्थित मुनिहाई खरीदी केन्द्र का भी निरीक्षण किया। इसके बाद कलेक्टर ने एसडीएम कार्यालय मऊगंज, उप जेल मऊगंज तथा कृषि उपज मण्डी का भी निरीक्षण किया।



कलेक्टर ने खरीदी केन्द्र में किसानों से संवाद कर उपार्जन के संबंध में की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने समिति प्रबंधक तथा खरीदी केन्द्र प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों के लिए छाया-पानी की व्यवस्था अनिवार्य रूप से करें। दिन में भी पर्याप्त ठंड रहती है। शाम के समय खरीदी केन्द्र में अलाव जलवाएं। किसानों से उपार्जित धान को सुरक्षित भण्डारित कराएं तथा समय पर परिवहन कराएं। किसानों को उपार्जित धान का तीन दिन में भुगतान सुनिश्चित करें। खरीदी केन्द्र में तौल-कांटे बारदाने, हम्माल तथा धान को साफ करने के लिए आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था करें। कलेक्टर ने किसानों से चर्चा करते हुए कहा कि खरीदी केन्द्र में सूखी हुई और साफ-सुथरी धान लेकर आएं। धान की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के बाद ही उसका उपार्जन होगा। किसान अपनी सुविधा से स्लाट बुक करके खरीदी केन्द्र में धान दे सकते हैं। मऊगंज जिले में धान उपार्जन के लिए 34 खरीदी केन्द्र बनाए गए हैं। जिले में 22500 किसानों ने धान उपार्जन के लिए पंजीयन कराया है। जिले में तीन दिसम्बर तक 7320 किसानों ने 11 खरीदी केन्द्रों में धान बेचने के लिए स्लाट बुक किए हैं। राजस्व अधिकारी तथा कृषि विभाग के अधिकारी खरीदी केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करके व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रहे हैं।